अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग,पूर्व बिहार अंचल,भागलपुर।

E-mail.- seredebebgp2@gmail.com

निरीक्षण प्रतिवेदन

दिनांक–19.09.2023 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा पथ प्रमंडल, भागलपुर के अन्तर्गत पथ अवर प्रमंडल, कहलगाँव के संधारित पथों का भौतिक स्थल निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को आवश्यक निदेश दिये गयेः–

उपस्थित पदाधिकारीः–

(1) श्री राजेन्द्र कुमार राय, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पूर्व बिहार अंचल, भागलपुर

(2) श्री रवि रंजन कुमार, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, कहलगाँव

(3) श्री संजय कुमार सिंह, प्राक्कलन पदाधिकारी, पथ निर्माण विभाग, पूर्व बिहार अंचल, भागलपुर

(4) श्री तरूण कुमार सिन्हा, सहायक शोध पदाधिकारी (संविदा), पूर्व बिहार अंचल, भागलपुर

(5) श्री मनोज कुमार, कनीय अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, कहलगाँव

(6) श्री सुजीत कुमार, कनीय अभियंता (संविदा), पथ अवर प्रमंडल, कहलगाँव

(1) त्रिमुहान–एकचारी–घनौरा–गहगामा पथ (Km 0.00 to Km 20.20)- इस पथ की लंबाई 20.20 Km एवं चौडाई 5.5 M है। इस पथ में CMBD संविदा के तहत मजबूतीकरण का कार्य किया गया है, जिसका एकरारनामा सं0–01/CMBD/2014-15 अन्तर्गत प्रावधानित PM कार्य में 25 MM SDBC कार्य दिनांक–15.06.2020 तक पूर्ण कराया जाना प्रतिवेदित है। यह पथ जून 2022 से OPRMC-II Package No.-29B के Notional Mode से Operational Mode में शामिल किया गया है। इस पथ के प्रथम कि0मी0 मे Pots तथा Shoulder मे जल–जमाव पाया गया। पथ के इस पथाश भाग मे Right Side एक तालाब अवस्थित है। अतः इस भाग में Earth Work द्वारा Shoulder में कार्य किया जाना आवश्यक है। पथ के प्रथम कि0मी0 के Chainage-800 (Approx.) से होकर NTPC Fly Ash Dump Yard जाने का रास्ता है। निरीक्षण के दौरान यह देखा गया कि NTPC प्रबंधन द्वारा पथ के इस पथांश भाग में Tanker द्वारा जल छिडकाव किया जा रहा है। पथ के इस भाग की SDBC पथ परत मानकों के अनुरूप स्थिति में नहीं पायी गयी। विदित है कि यह भाग Bituminous है तथा जल–जमाव के फलस्वरूप पथ परत क्षतिग्रस्त है। पथ के कि0मी0 2, 4, 5, 6 में कई जगहों पर Wearing Coat अर्थात् 25 MM SDBC (Loss of Aggregate) क्षतिग्रस्त हो गया है। CMBD एकरारनामा के तहत कराये गये PM (SDBC) कार्य की अवधि 3 वर्ष 3 माह व्यतीत हो चुकी है। पथ परत की स्थिति के दृष्टिकोण से शीघ्र PM कराना आवश्यक है।

वर्तमान में यह पथ OPRMC-II Package-29B अन्तर्गत संधारण की अवधि में है। अतः प्रावधानित OM एवं अन्य मदों से पथ के Pots इत्यादि की मरम्मति सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया।

(2) अनादिपुर–पीरपैंती पथ (Km 0.00 to Km 27.5)- इस पथ की लंबाई 27.5 Km एवं चौडाई 3.75 M है। यह पथ CMBD संविदा के संधारण अवधि मे है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पथ में एकरारनामा के तहत PM का कार्य कराया जा रहा है, जिसमें कराये गये PM पर Road Marking एवं Shoulder मे मिट्टी कार्य विशिष्टियों के अनुरूप कराना आवश्यक

है। संवेदक प्रतिनिधि एवं सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, कहलगाँव को निदेशित किया गया कि आसन्न त्यौहारों के पूर्व PM कार्य पूर्ण कराया जाय।

पथ के कि0मी0 2, 3, 5, 15, 16, 18 में जल–जमाव की स्थिति निरीक्षण के दौरान पायी गयी। सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, कहलगाँव को पथ में जल निकासी के समुचित प्रबंधन हेतु निदेशित किया गया। पथ के कि0मी0 27 (ग्राम–नयाटोला) में Edge Break तथा PCC भाग में Pots पाया गया, जिसकी मरम्मति हेतु निदेशित किया गया।

(3) डोमनिया चौक–पीरपैंती पथ (Km 0.00 to Km 16.006)- इस पथ की लंबाई 16.006 Km एवं चौड़ाई 3.75 M है। इस पथ में SBD संविदा के तहत मजबूतीकरण का कार्य कराया गया है, जो कि वर्त्तमान में SBD संविदा के DLP अवधि में है। इस पथ के कि0मी0 6 में अवस्थित 2 Span का Bridge RWD द्वारा निर्मित है, जिसके Abutment, Pier Stone Masonary द्वारा निर्मित है, जो काफी क्षतिग्रस्त अवस्था में है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि क्षतिग्रस्त पुल के दोनों तरफ Cautionary Board की उँचाई काफी कम है तथा उसका Paint काफी Faded हो गया है, जिसे समुचित उँचाई कर Retro Reflective Paint कर भारी वाहनों के आवागमन के परिचालन से संबंधित सूचना अंकित कर लगाने हेतु निदेशित किया गया।

निरीक्षण के समय स्कूली बस का परिचालन क्षतिग्रस्त पुल होकर पाया गया जो कि सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से उचित नही प्रतीत होता है। सहायक अभियंता, कहलगाँव को निदेशित किया गया कि संबंधित थाना/जिला प्रशासन को इस हेतु सूचित किया जाय कि पुल काफी क्षतिग्रस्त है, स्कूली बस/भारी वाहन का परिचालन इस पुल होकर नहीं किया जाय तथा अविलम्ब भारी वाहनों के आवागमन रोकने हेतु Barrier लगाने की अग्रतर कार्रवाई की जाय।

(4) गोड्डा–पीरपैंती पथ (Km 0.00 to Km 5.00)- इस पथ की लंबाई 5 Km तथा चौड़ाई 5.5 M है। यह पथ वर्त्तमान में OPRMC-II Package No.-29B के अन्तर्गत संधारित है। इस पथ में कि0मी0 पोस्ट Painting एवं Road Marking आवश्यक है।

ह0/-
अधीक्षण अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पूर्व बिहार अंचल, भागलपुर।

ज्ञापांक:– 990 भागलपुर/दिनांक:– 20/9/23

प्रतिलिपि:– कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश दिया जाता है कि निरीक्षण के क्रम में दिये गये निदेश का अनुपालन ससमय सुनिश्चित कराते हुए अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करें।

20/9/23
अधीक्षण अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पूर्व बिहार अंचल, भागलपुर।

20/9/23